कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर

आवश्यक सूचना / साक्षात्कार नोटिस

पत्रांक सं0: /जि0वि0से0प्रा0–मी/2026–27, दिनांक:

विषय: स्थायी लोक अदालत, मीरजापुर में पेशकार के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के संबंध में।

सर्वसाधारण/संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि स्थायी लोक अदालत, मीरजापुर में पेशकार के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के क्रम में चयन समिति के निर्णयानुसार पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 07.11.2026 को समय पूर्वाह्न 10:00 बजे कार्यालय स्थायी लोक अदालत, मीरजापुर में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है।

अतः उक्त पद हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल शैक्षिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ साक्षात्कार हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में यह माना जाएगा कि उन्हें उक्त पद पर चयन प्रक्रिया में कोई रुचि नहीं है तथा उनकी अनुपस्थिति में चयन समिति द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जा सकेगी।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मीरजापुर।